कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 15.11.2023

महिला थाना कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा आईवीएफ सेंटर में सामाजिक व आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं व नाबालिक लडकियों के कृत्रिम गर्भाधान कराते हुए एग डोनेशन कराने वाले गिरोह का पर्दाफास करते हुए 02 पुरुष व 02 महिला अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर महिला अपराधों के रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व थाना अध्यक्ष महिला थाना के नेतृत्व में महिला थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 37/23 धारा 363,419,420,467,471,370ए भादवि0 व 36/42 आधार कार्ड अधि0 2016 एवं धारा 33 सहायक प्रजनन प्रोद्योगिकी (विनि0) अधि0 2021 में विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि सामाजिक व आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं व नाबालिक लडकियों को धन का प्रलोभन देकर एवं कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए शहर के नामी आईवीएफ सेंटर द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कराने के उद्देश्य से अपने दलालों के माध्यम से पैसे का लालच देकर महिलाओं एवं नाबालिक लड़कियों का एग डोनेशन कराकर निःसंतान दम्पतियों को उँचे दामों पर संतान उत्पत्ति कराने वाले गैंग को गिरफ्तार किया गया है। यह एक संगठित गिरोह है जो सामाजिक एवं आर्थिक रुप से कमजोर वर्गो की महिलाओं एवं नाबालिक लडकियों को पैसे का लालच देकर फर्जी दस्तावेज तैयार कराया जाता है इस गैंग में शामिल अन्य लोगो की तलाश की जा रही है।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान - दिनांक 15.11.2023 समय 15.30 बजे महिला थाना पर ।

अभियोग का संक्षिप्त विवरण - नाबालिक लडकी को पैसे की लालच देकर कृत्रिम गर्भाधान कराते हुए एग डोनेसन कराकर शारिरिक शोषण कराने के सम्बन्ध महिला थाने पर पंजीकृक मु0अ0सं0 37/23 धारा 363,419,420,467,471,370ए भादवि0 व 36/42 आधार अधि0 2016 एवं धारा 33 सहायक प्रजनन प्रोद्योगिकी (विनि0) अधि0 2021 पंजीकृत किया गया विवेचना का सफल अनावरण करते हुए अब तक कुल 04 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त का विवरण

1. अनमोल जायसवाल पुत्र पारस जायसवाल नि0 म0नं0 812 औडी मोड अनपरा सोनभद्र वर्तमान पता फ्लोर नं0 1 काशीका पैलेस ताराधाम कालोनी लेन नं0 02 तुलसीपुर महमूरगंज वाराणसी उम्र 29 वर्ष
2. अनीता देवी पत्नी रमेश सिंह नि0 15/46-3 खोजवा थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी उम्र 34 वर्ष
3. सीमा देवी पत्नी आशीष कुमार निवासिनी नक्खी घाट नवापुरा हरिजन बस्ती थाना जैतपुरा जनपद वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष
4. आशीष कुमार पुत्र स्व0 मल्लू निवासी नक्खी घाट नवापुरा हरिजन बस्ती थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र करीब 35 वर्ष

बरामदगी का विवरण –

1. अभियुक्त गण के कब्जे से 02 अदद मोबाइल फोन

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -</u>

1. श्रीमती निकिता सिंह थाना अध्यक्ष महिला थाना कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 हंसराज यादव महिला थाना कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 धर्मराज सिंह महिला थाना कमिश्नरेट वाराणसी।
4. म0का0 मनीषा महिला थाना कमिश्नरेट वाराणसी।
5. म0का0 उर्मिला यादव महिला थाना कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
काशी-जोन कमिश्नरेट वाराणसी